**भारत सरकार**

**विदेश मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या -2378**

दिनांक 13.02.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

**भारत को जानिए कार्यक्रम**

#2378. श्री अरविंद गणपत सावंतः
श्री संजय उत्तमराव देशमुखः
श्री ओमप्रकाश भूपालसिंह उर्फ पवन राजेनिंबालकरः

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने भारत के साथ प्रवासी भारतीय युवाओं के सांस्कृतिक, भावनात्मक और विकासात्मक जुड़ाव को मजबूत करने में 'भारत को जानिए कार्यक्रम (केआईपी)' के प्रभाव का मूल्यांकन किया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) इस कार्यक्रम की शुरुआत से और पिछले पांच वर्षों के दौरान इससे लाभान्वित होने वाले प्रतिभागियों की देश-वार संख्या कितनी है और विशेषकर गिरमिटिया देशों का ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार का इस कार्यक्रम की प्रतिभागी क्षमता, प्रति वर्ष संस्करणों की संख्या या देशों के दायरे को बढ़ाने का प्रस्ताव है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी व्यौरा क्या है;
(घ) कार्यक्रम के जनसम्पर्क, एक्सपोजर विजिट की गुणवत्ता, कार्यक्रम के बाद जुड़ाव और प्रतिभागियों की दीर्घकालिक ट्रैकिंग में सुधार के लिए क्या उपाय किए गए हैं; और
(ङ) निरंतर प्रवासी जुड़ाव और सॉफ्ट पावर कूटनीति सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**विदेश राज्य मंत्री**

**(श्री कीर्तवर्धन सिंह)**

(क) जी महोदय, यह मंत्रालय विदेशों में रहने वाले भारतीय युवाओं के भारत के साथ सांस्कृतिक , भावनात्मक और विकासात्मक संबंध को मजबूत करने में 'भारत को जानिए कार्यक्रम (केआईपी )' के प्रभाव की लगातार निगरानी और मूल्यांकन करता है।यह कार्यक्रम प्रतिभागियों से प्रतिक्रिया प्राप्त करता है, उनकी समीक्षा करता है और उनके सुझावों को कार्यक्रम के अगले संस्करणों में शामिल करता है ताकि इसके प्रभाव और प्रभावशीलता को बढ़ाया जा सके। मंत्रालय कार्यक्रम के प्रतिभागियों द्वारा वापसी पर दी गई जानकारी के आधार पर विदेश स्थित भारतीय मिशनों / केंद्रों से प्राप्त टिप्पणियों/सुझावों को भी ध्यान में रखता है।

कार्यक्रम की सुदृढ़ता और दक्षता बढ़ाने के लिए मंत्रालय के निरंतर प्रयासों के चलते केआईपी प्रतिभागियों की प्रतिक्रिया उत्साहजनक रही है। केआईपी प्रतिभागियों ने कार्यक्रम के दौरान अपने अनुभवों के बारे में सकारात्मक टिप्पणियां अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा की हैं और अपने मित्रों और परिचितों को इसमें भाग लेने की पुरजोर अनुशंसा की है।

(ख) 2003 में इसकी शुरुआत से लेकर अब तक 3116 युवा पीआईओ इस कार्यक्रम से लाभान्वित हुए हैं। पिछले पांच वर्षों के दौरान 'भारत को जानिए कार्यक्रम' के प्रतिभागियों, विशेष रूप से गिरमिटिया देशों के प्रतिभागियों की संख्या **अनुबंध- I** में संलग्न है।

(ग) मंत्रालय ने विदेशों में रहने वाले भारतीय प्रवासी युवाओं के बीच 'भारत को जानिए कार्यक्रम ' के बारे में जागरूकता और पहुंच बढ़ाने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाया है, जिसमें सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म का प्रभावी और रणनीतिक उपयोग शामिल है। मंत्रालय ने आकर्षक और रुचिकर सामग्री, जैसे वीडियो, इन्फोग्राफिक्स और इंटरैक्टिव क्विज़, तैयार करने पर भी काम किया है, ताकि उनका ध्यान आकर्षित किया जा सके और उन्हें अधिक सशक्त और गतिशील तरीके से जानकारी दी जा सके। विदेश स्थित भारतीय मिशनों / केंद्रों ने भी अपने केंद्रित और लक्षित प्रयासों के माध्यम से इस कार्यक्रम द्वारा प्रदान किए जाने वाले अनूठे अवसरों का प्रसार किया है।

प्रवासी भारतीयों की ओर से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है, जिसका प्रमाण कार्यक्रम के प्रत्येक संस्करण के लिए वर्तमान में निर्धारित 40 प्रतिभागियों की सीमा से कहीं अधिक संख्या में प्रतिभागियों का नामांकन है। केआईपी प्रतिभागियों का चयन भारतीय प्रवासी समुदाय के भौगोलिक विस्तार को यथासंभव व्यापक रूप से दर्शाने के लिए किया जाता है।

(घ) मंत्रालय केआईपी के प्रत्येक संस्करण के लिए सबसे उपयुक्त कार्यक्रम और एजेंडा तैयार करने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसका उद्देश्य कार्यक्रम के प्रत्येक संस्करण के दौरान प्रतिभागियों को

भारत के कम से कम दो राज्यों की यात्रा कराकर उन्हें भारत के विभिन्न क्षेत्रों के अनुभव प्रदान करना है। भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, प्रौद्योगिकी प्रगति, ऐतिहासिक स्थलों आदि के विविध पहलुओं को प्रदर्शित करने के मंत्रालय के प्रयासों के तहत, प्रतिभागियों के नए बैचों के लिए यात्राओं की सूची में अधिक से अधिक राज्यों को शामिल किया जा रहा है। मंत्रालय इस कार्यक्रम को और अधिक विषय-केंद्रित और अनुकूलित बनाकर इसे और विकसित करने का भी प्रयास कर रहा है।कार्यक्रम की गुणवत्ता में निरंतर सुधार और उसे और बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि इसमें उच्च स्तरीय गणमान्य व्यक्तियों (संसद, राष्ट्रपति भवन) से मुलाकात और इसरो तथा बीएआरसी जैसे प्रमुख वैज्ञानिक संस्थानों का दौरा शामिल किया जा सके। केआईपी के पिछले दो बैचों (85वें और 86वें संस्करण) को भारत के माननीय प्रधानमंत्री से मुलाकात करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, साथ ही उन्हें जनवरी 2026 में विकसित भारत युवा नेता संवाद (वीबीवाईएलडी) में भाग लेने का अवसर भी मिला। केआईपी के प्रतिभागियों की दीर्घकालिक ट्रेनिंग सुनिश्चित करने के लिए , मंत्रालय पूर्व प्रतिभागियों का डाटाबेस विदेशों में स्थित भारतीय मिशनों / केंद्रों  के साथ साझा कर रहा है, ताकि उनसे निरंतर संपर्क बना रहे।

(ङ)  मंत्रालय भारतीय प्रवासी समुदाय के युवा सदस्यों की सहायता से अपनी "सॉफ्ट पावर" को बढ़ावा देने में सफल रहा है, और विशेष रूप से प्रतिभागियों को अपने सोशल मीडिया हैंडल और अन्य डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से भारत का प्रभावी और प्रभावशाली प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रोत्साहित करके ऐसा संभव हुआ है।

***अनुबंध- I***

पिछले पांच वर्षों के दौरान वर्षवार केआईपी प्रतिभागियों की संख्या

| **क्र.सं.** | **देश** | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** | **2024-25** | **2025-26** | **कुल प्रतिभागी** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **अर्जेंटीना** | **0** | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 2 | **आर्मीनिया** | **0** | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 3 | **ऑस्ट्रेलिया** | **0** | 0 | 1 | 0 | 3 | 4 |
| 4 | **ऑस्ट्रिया** | **0** | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 5 | **बेल्जियम** | **0** | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 6 | **कनाडा** | **0** | 0 | 2 | 0 | 3 | 5 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | **चिली** | **0** | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 8 | **कोलंबिया** | **0** | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 9 | **डेनमार्क** | **0** | 1 | 0 | 1 | 0 | 2 |
| 10 | **फिजी** | **0** | 33 | 83 | 49 | 22 | 187 |
| 11 | **फ्रांस** | **0** | 3 | 4 | 3 | 12 | 22 |
| 12 | **जर्मनी** | **0** | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 13 | **गुयाना** | **0** | 31 | 35 | 16 | 17 | 99 |
| 14 | **इंडोनेशिया** | **0** | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 15 | **इजराइल** | **0** | 4 | 2 | 2 | 5 | 13 |
| 16 | **इटली** | **0** | 0 | 0 | 1 | 2 | 3 |
| 17 | **जमैका** | **0** | 0 | 1 | 0 | 2 | 3 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 | **केन्या** | **0** | 0 | 1 | 2 | 1 | 4 |
| 19 | **मेडागास्कर** | **0** | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 20 | **मलावी** | **0** | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 21 | **मलेशिया** | **0** | 7 | 23 | 11 | 8 | 49 |
| 22 | **मॉरीशस** | **0** | 51 | 89 | 51 | 23 | 214 |
| 23 | **म्यांमार** | **0** | 19 | 30 | 29 | 18 | 96 |
| 24 | **नीदरलैंड** | **0** | 3 | 1 | 0 | 3 | 7 |
| 25 | **न्यूज़ीलैंड** | **0** | 1 | 4 | 4 | 1 | 10 |
| 26 | **पनामा** | **0** | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 |
| 27 | **पराग्वे** | **0** | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 28 | **पुर्तगाल** | **0** | 1 | 0 | 0 | 1 | 2 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 29 | **रूस** | **0** | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 30 | **सिंगापुर** | **0** | 0 | 0 | 1 | 2 | 3 |
| 31 | **दक्षिण अफ्रीका** | **0** | 17 | 21 | 20 | 18 | 76 |
| 32 | **श्रीलंका** | **0** | 11 | 3 | 13 | 7 | 34 |
| 33 | **सूरीनाम** | **0** | 30 | 28 | 19 | 13 | 90 |
| 34 | **स्विट्ज़रलैंड** | **0** | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 35 | **तंजानिया** | **0** | 0 | 0 | 6 | 0 | 6 |
| 36 | **थाईलैंड** | **0** | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 37 | **त्रिनिदाद और टोबैगो** | **0** | 14 | 41 | 24 | 16 | 95 |
| 38 | **यूनाइटेड किंगडम** | **0** | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 39 | **संयुक्त राज्य अमेरिका** | **0** | 4 | 0 | 3 | 9 | 16 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 40 | **वेनेज़ुएला** | **0** | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 41 | **ज़िम्बाब्वे** | **0** | 0 | 1 | 1 | 0 | 2 |
| **कुल योग** | | **0** | **235** | **374** | **257** | **194** | **1060** |

**गिरमिटिया देशों से केआईपी प्रतिभागियों की संख्या (वित्तीय वर्षवार)**

| **क्र.सं.** | **देश** | **2021-2022** | **2022-2023** | **2023-2024** | **2024-2025** | **2025-2026** | **कुल** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | फिजी | 0 | 33 | 83 | 49 | 22 | 187 |
| 2 | रीयूनियन द्वीप (फ्रांस) | 0 | 3 | 2 | 0 | 9 | 14 |
| 3 | गुयाना | 0 | 31 | 35 | 16 | 17 | 99 |
| 4 | जमैका | 0 | 0 | 1 | 0 | 2 | 3 |
| 5 | मॉरीशस | 0 | 51 | 89 | 51 | 23 | 214 |
| 6 | दक्षिण अफ्रीका | 0 | 17 | 21 | 20 | 18 | 76 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | सूरीनाम | 0 | 30 | 28 | 19 | 13 | 90 |
| 8 | त्रिनिदाद और टोबैगो | 0 | 14 | 41 | 24 | 16 | 95 |
| **कुल** | | 0 | 179 | 300 | 179 | 120 | 778 |

*****